**मनमानी** ▶ शासकीय पशु चिकित्सालयों में प्राइवेट असिस्टेंटों के भरोसे हो रहा पशुओं का इलाज, चिकित्सक रहते हैं अनुपस्थित

# फीस के नाम पर पशुपालकों से की जा रही वसूली

राजेश राज

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 5 अगस्त।** क्षेत्र में शासकीय पशु चिकित्सा सेवाओं को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है. स्थानीय पशुपालकों ने आरोप लगाया है कि शासकीय पशु चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करने के बजाय प्राइवेट असिस्टेंटों को भेजकर उनसे अवैध रूप से फीस वसूल रहे हैं. यह स्थिति क्षेत्र के पशुपालकों के लिए परेशानी का सबब बन रही है, क्योंकि सरकारी योजनाओं के तहत नि:शुल्क या रियायती दरों पर उपलब्ध सेवाएं अब महंगी पड़ रही हैं.

तेंदूखेड़ा के कई गांवों के पशुपालकों ने बताया कि स्थानीय पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सकों की अनुपस्थिति आम बात हो गई है. पशुओं के इलाज के लिए जब वे



चिकित्सालय पहुंचते हैं, तो उन्हें प्राइवेट असिस्टेंटों या अनट्रेंड व्यक्तियों को उपचार के लिए भेजा जाता है. इन असिस्टेंटों द्वारा उपचार के नाम पर 200 से 500 रुपये तक की फीस वसूली जा रही है, जबकि मध्य प्रदेश पशुपालन विभाग की नीतियों के अनुसार टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, और सामान्य उपचार जैसी सेवाएं नि:शुल्क या न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध होनी चाहिए.

**शासकीय नीतियों का हो रहा उल्लंघन** - मप्र पशुपालन विभाग के अनुसार, राज्य में पशुधन के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। इनमें नि:शुल्क टीकाकरण, रोग निदान, और मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) जैसी सुविधाएं शामिल हैं. हाल ही में शुरू की गई एमवीयू योजना के तहत, पशुपालक टोल-फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर घर पर ही पशु चिकित्सक की सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए बड़े पशुओं (गाय, भैंस, आदि) पर मात्र 150 रुपये का शुल्क निर्धारित है. लेकिन तेंदूखेड़ा में इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और पशुपालकों से इससे कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है.

**पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने साधी चुप्पी**- स्थानीय पशुपालकों ने इस मुद्दे को कई बार स्थानीय प्रशासन और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के सामने उठाया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. एक पशुपालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हमने उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, दमोह को शिकायत की, लेकिन हमें केवल आश्वासन ही मिला. इस संबंध में जब उपसंचालक कार्यालय से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो कोई जवाब नहीं मिला.

### ▶ टीकाकरण का भी करना पड़ रहा भुगतान

स्थानीय पशुपालक रुकमण ने बताया, हमारी गाय बीमार होने पर सरकारी पशु चिकित्सालय डॉक्टर को कॉल करते हैं तो सरकारी चिकित्सक की जगह प्राइवेट असिस्टेंटों को गाय का इलाज करने भेजते हैं. उनके असिस्टेंट आकर इलाज करते हैं और पैसे मांगते हैं. यह सरकारी सुविधा का दुरुपयोग है. एक अन्य पशुपालक ने कहा, लंपी स्किन जैसी बीमारियों के लिए टीकाकरण मुफ्त होना चाहिए, लेकिन हमें इसके लिए भी भुगतान करना पड़ रहा है.

### पशुपालकों की मांग

पशुपालक मांग कर रहे हैं कि शासकीय पशु चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और प्राइवेट असिस्टेंटों के जरिए अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए, साथ ही, मोबाइल वेटरनरी यूनिट को प्रभावी ढंग से लागू करने और टोल-फ्री नंबर 1962 की सुविधा को क्षेत्र में सक्रिय करने की मांग उठ रही है. यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण पशुपालन क्षेत्र में विश्वास की कमी को भी दर्शाता है. स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित करे.



# पाप का क्षय करो, पुण्य प्रबल करो : विशुद्ध सागर

▶ विरागोदय तीर्थ क्षेत्र धर्मधाम में चातुर्मास कर रहे महाराज जी

**नवभारत,पथरिया 5 अगस्त।** विरागोदय तीर्थ क्षेत्र धर्मधाम में चातुर्मास कर रहे पटटाचार्यश्री विशुद्ध सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र की महिमा को बताते हुए कहा कि कुलीन लोगों के भीड़, वैभव को मत देखो सम्यक की रक्षा करो बिना अंतरंग की तपस्या किये हुए बहरंग की तपस्या काम नहीं आयेगी।

उन्होंने कहा कि भावों से भेष को सुधारकर रखना, अंतर मुहूर्त तक टिका लिया यह महत्वपूर्ण है। इसीलिए बहरंग तपस्या करके सम्यक प्राप्त करके उच्च अवस्था प्राप्त करना यह व्यक्ति का लक्ष्य होना चाहिए। पटटाचार्यश्री ने कहा कि मनुष्य का जीवन प्राप्त करना बहुत मुश्किल है। यह एक ऐसा जीवन है जो बार-बार नहीं मिलता, जीवन को सुखद आनन्दमय, शान्तिपूर्ण बनाना है तो पाप का क्षय करो और पुण्य प्रबल करो। जिसका प्रबल पुण्य होता है, उसकी सब व्यवस्था बन जाती है और जिसका पुण्यक्षीण होता है उसे घर में भी भूखा रहना पड़ता है। विवेकी सज्जनों को संकटो के आने पर भी धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए।

## एक नजर में



### विद्युत विभाग ने 115 में से 97 बिलों में किया सुधार

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 5 अगस्त।** मंगलवार को विद्युत विभाग द्वारा जिले के तहसील मुख्यालयों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं द्वारा अधिक बिजली बिल मिलने की शिकायतें विद्युत विभाग को मिल रही थी, जिस पर विभाग ने मंगलवार को समस्या निवारण शिविर लगाए थे. जिले के समस्त शिवरों में विभाग के पास स्मार्ट मीटर लगने के बाद ज्यादा बिल आने की शिकायत के कुल 115 मामले सामने आए. जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने 97 उपभोक्ताओं के बिजली बिल में तत्काल सुधार किया गया. शेष 18 मामलों में मीटर की जांच कर निराकरण करने की कार्यवाही की जाएगी.



### जनसुनवाई में आए 2 आवेदनों में से 1 का निराकरण

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 5 अगस्त।** कलेक्टर के आदेश पर पिछले मंगलवार से तहसील और जनपद मुख्यालय के थाने में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन होने लगा है, जिसमें थाना प्रभारी और राजस्व के अधिकारी जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निराकरण करते हैं. इसी के तहत थाने के बैठक हॉल में जनसुनवाई हुई, जिसमें थाना प्रभारी के साथ नायब तहसीलदार शिल्पी मौजूद थे. जनसुनवाई में मात्र दो आवेदन आए, जिसमें से एक प्रकरण का तत्काल ही थाना प्रभारी नीतेश जैन और नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी ने निराकरण मौके पर ही कर दिया. दूसरे प्रकरण को जांच में लिया है.



### विद्यार्थियों का स्वस्थ रहना आवश्यक : ठाकरे

**नवभारत,दमोह 5 अगस्त।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में चल रहे आयरन गोली वितरण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे द्वारा आयरन गोली वितरण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए बच्चों को आयरन के महत्व पर प्रकाश डाला। एनीमिया से बचने हेतु आयरन के महत्व पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी रीता चटर्जी ने सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि प्रत्येक मंगलवार को एक टैबलेट का सेवन जरूर करें इससे किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है बल्कि हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम नहीं हो पाती। जीव विज्ञान के शिक्षक मोहन राय ने आयरन के विभिन्न स्त्रोतों की चर्चा करते हुए बताया कि यदि आप चाहते हैं कि प्रति सप्ताह आपको इस गोली का नियमित सेवन न करना पड़े तथा आपका हीमोग्लोबिन भी शरीर में आवश्यक मात्रा के अनुसार बना रहे तो हमें जागरुक होकर आयरन युक्त भोज्य पदार्थों जैसे गुड़ चना, पालक, सेवफल, बैंगन आदि का सेवन करना अनिवार्य है।




### मनोज श्रीवास्तव को किया गया सम्मानित

**नवभारत,दमोह 5 अगस्त।** मप्र जल निगम के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज श्रीवास्तव 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए. उल्लेखनीय है श्री श्रीवास्तव की जल निगम की विभिन्न परियोजनाओं को जमीन तक लाने में विशिष्ट भूमिका रही है. पटेरा की पूर्व संचालित योजना का सफल संचालन व संधारण सहित पूर्व पद स्थापना वाले जिलों यथा ग्वालियर, सागर मंडला आदि सहित सिंहस्थ 4 व 16 के आयोजन में श्री श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री विशिष्ट सेवा पुरस्कार पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है. 31 जुलाई को जल निगम के मुख्यालय भोपाल में विभाग के प्रबंध संचालक के बीएस चौधरी द्वारा उन्हें सेवानिवृति पर शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया और शुभकामनाएं दीं.

# दमोह में सक्रिय है गुहेरा गिरोह, लोगों में भय

**नवभारत,दमोह 5 अगस्त।** विगत दिवस रात्रि लगभग 7.30 बजे दो शातिर बदमाशों ने खराब नीयत से मोटर साइकिल से जाते हुए रोड से उछालकर जहरीला जंतु छिपकली जाती का खतरनाक गुहेरा दमोह के जबलपुर नाका आम चौपरा में पारसमणी इंटरप्राइजेज तराजू कांटे की दुकान पर उछालकर फेंका। दुकान संचालक राकेश जैन पलंदी व उपस्थित व्यक्ति भयभीत होकर जान बचाकर इधर उधर भागे। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है।

पीड़ित पक्ष ने घटना की लिखित रिपोर्ट पुलिस चौंकी आम चौपरा जबलपुर नाका पर की है। जन चर्चा है कि गुहेरा पकड़ने वालों ने खतरनाक गिरोह बना



लिया है, जो दुकान व घरों में जहरीला गुहेरा छोड़कर या फेंककर लोगों में भय पैदाकर उनके जान-माल से खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर भयभीत व्यक्तियों से जहरीले गुहेरा को पकड़कर वापिस ले जाने के हजारों रुपया वसूल करते हैं। फिर उसी गुहेरा को अन्य जगह ले जाकर किसी और घर दुकान या व्यक्ति को टारगेट बनाते हैं।



# भारतीय सैन्य सीमाओं पर भेजी गईं राखियां

▶ राष्ट्रीय कवि संगम मध्यप्रदेश का एक राखी मेरी भी अभियान

**नवभारत,दमोह 5 अगस्त।** एक राखी मेरी भी अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय कवि संगम मध्यप्रदेश जिला इकाई दमोह के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में भारतीय सीमाओं की सुरक्षा में तैनात सैनिकों के हेतु राखी संग्रह अभियान संपन्न कराया।

संस्था के जिलाध्यक्ष आशीष तंतुवाय कबीर ने बताया कि संस्था के द्वारा प्रतिवर्ष नगर के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों सहित सामाजिक संस्थाओं से राखियां संग्रहित की जाती हैं जिन्हें भारतीय डांक विभाग की स्पीड पोस्ट पार्सल सेवा से देश के विभिन्न सीमावर्ती सैन्य पोस्ट पर भेजा जाता है। संस्था की प्रदेश महामंत्री सुप्रसिद्ध कवियित्री बबीता कृष्णकुमार चौबे शक्ति ने जानकारी दी कि इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों में अद्भुत उत्साह होता है। अधिकांश छात्राएं, युवतियां स्वनिर्मित राखियां बनाकर प्रतिवर्ष संस्था के इस राखी संग्रह अभियान को सफल बनाते हैं।

**स्वामी विवेकानंद विद्यालय का मिला सहयोग**- आशीष ने बताया कि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवाचार पृष्ठभूमि के शिक्षक मनीष नेमा व स्वामी विवेकानंद विद्यालय के प्राचार्य केसी सैनी व विद्यालय प्रबंधन का अभूतपूर्व सहयोग निरंतर इस अभियान में सक्रिय रूप से प्राप्त होता है साथ ही एमएलबी स्कूल, जेपीबी स्कूल, मॉडल स्कूल, सद्भावना विद्यालय सहित अनेकों विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने देश की सैन्य सीमाओं पर तैनात भारतीय सैनिकों के प्रति रक्षाबंधन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अभियान को सफलता प्रदान की है।

# 183 लोगों को किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

▶ जनसुनवाई में कलेक्टर ने 213 आवेदकों की समस्याएं सुनीं

**नवभारत,दमोह 5 अगस्त।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्र. 10 में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 213 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान 183 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, 21 आधार कार्ड संबंधी कार्य किये गये। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी समस्याओं से



अवगत कराया। जनसुनवाई में सामूहिक आवेदन भी दिये गये।इस दौरान डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह,लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटैल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**थाना स्तर पर भी की गई जनसुनवाई**- जिले के थाना हटा में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त जनसुनवाई में हटा एसडीएम राकेश मरकाम, तहसीलदार शिवराम चढ़ार, एसडीओपी प्रशान्त सिंह सुमन, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, रनेह थाना प्रभारी चंदन सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इसी तरह जिले के निर्धारित अन्य थाना स्तर पर भी जनसुनवाई संपन्न हुई।

# गांजे का आरोपी शासकीय कर्मी दोषमुक्त

**नवभारत,दमोह 5 अगस्त।** 31 जुलाई को विशेष न्यायालय अमर गोयल ने प्रकाश दुबे वनरक्षक मगरोन गांजा रखने के आरोप से दोषमुक्त कर दिया है। प्रकाश दुबे पर आरोप था कि 7 किलो गांजे के पौधे अपने शासकीय वन विभाग कालोनी के बगीचे में लगाए थे। मुखबिर की सूचना पर फ्तेहपुर पुलिस चौकी थाना मगरोन की पुलिस मौके पर पहुंची और गांजे के पौधों को आरोपी के कब्जे से जब्त किया। समस्त कार्यवाही कर गांजे की पत्ती टहनी वगैरह को तौलकर सीलबंद किया और मामला कायम किया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का चालान न्यायालय में पेश किया, जिस पर आरोपी ने कहा कि उसे पुलिस द्वारा झूठा फसाया गया है. जिस पर प्रकरण का विचारण न्यायालय में हुआ. पुलिस ने माल को एफएसएल सागर जांच हेतु भेजा, जहां से उक्त माल की जांच राज्य विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा की गई तथा धनात्मक पाते हुए गांजा पाया। परन्तु अभियोजन की समस्त साक्ष्य होने के उपरांत न्यायालय आरोपी को दोषमुक्त किया।



# गौ-सेवा से मिलती है आत्मिक शांति : स्मृति

▶ लीनेस मैत्री क्लब द्वारा गौशाला में गायों को गुड़ और हरे चारे का कराया सेवन

**नवभारत,दमोह 5 अगस्त।** श्रावण मास में लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा गौशाला में सेवा कार्य गायों को गुड़ और हरे चारे का सेवन कराया। लीनेस मैत्री क्लब की ओर से स्थानीय गौशाला में विशेष गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब की सभी सदस्य उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुईं। क्लब अध्यक्ष स्मृति खरे ने कहा कि गौ सेवा करने से न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि घर में सुख, समृद्धि और परिवारजनों का स्वास्थ्य भी उत्तम बना रहता है। गाय में तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं का वास माना गया है। इस अवसर पर एरिया ऑफिसर रोजी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने गौ सेवा को श्रेष्ठतम सेवा बताते हुए क्लब की इस पहल की सराहना की।

# कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन को लेकर बैठक

**नवभारत, दमोह.** आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन को लेकर सोमवार को नंदीबन में यादव महासभा दमोह की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष परम यादव ने की, जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस वर्ष जन्माष्टमी का आयोजन 16 अगस्त को भव्य रूप से किया जाएगा. इस अवसर पर समाजवादी पार्टी दमोह के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम यादव, राम यादव, अनिल यादव, भरत यादव, सोनू यादव, रामेश्वर, यादव, बल्लू यादव, मुकेश यादव, ब्रजेन्द्र यादव, भगवानदास यादव, रविशंकर यादव, सुनील यादव, ओमकार, रमेश, मनोज, कोमल यादव, तेजी यादव,पवन यादव सहित यादव समाज के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे.

**सफलता** ▶ तीन थानों की पुलिस ने की थी खोजबीन, मिली सफलता

# 50 हजार में बिका था मासूम वेद, चार माह बाद मिला

**सिवनी नवभारत।** बरघाट विकासखंड के ग्राम पौनारकला से अपहृत बालक की तलाश जिले के तीन थानों की पुलिस लगातार कर रही थी। ल बी मशक्कत के बाद पुलिस ने अपहृत बालक को सूफी नगर से खोज निकाला। उल्लेखनीय है कि गत चार माह पूर्व शादी समारोह से देव पिता राजकुमार उइके का अपहरण किया गया था।23 अप्रैल को ढाई वर्षीय देव के साथ माता पिता शादी समारोह मे आऐ हुऐ बच्चे को नींद आने पर मा के द्वारा समीप के कमरे मे ही सुला दिया गया और माता पिता तथा परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह मे व्यस्त हो गये इसी बीच बच्चे के अपहरण कर लिया गया सबेरे बच्चे को न पाकर माता पिता तथा परिवार के द्वारा बच्चे की तलाश पूरे गांव तथा रिश्तेदारी मे की गई



तथा दूसरे दिन माता पिता के द्वारा बच्चे के लापता होने की रिपोर्ट पुलिस थाना बरघाट मे दर्ज करवाई गई बरघाट पुलिस द्वारा अपराध कृमाक 226 धारा 137 - २ भारतीय न्याय सहिता के तहत अपराध पंजीबध करते हुऐ प्रकरण को जांच मे लिया गया था पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपहृत बालक देव को पुष्पा उर्फ पुष्प कला पति रविन्द्र धुर्वे जो की ग्राम पिंडर ई निवासी है किंतु वर्तमान मे महाराणा प्रताप नगर सिवनी मे किराये के मकान मे निवासरत थी जो अब पुलिस थाना बरघाट के अभिरक्षा मे है। देव का अपहरण कर पचास हजार मे बच्चे को बेचने वाली महिला पुष्पा उर्फ पुष्प कला उम्र 35 वर्ष तथा बालक की खरीददार महिला शीला साहू पति राजकुमार उर्फ गोपाल साहू पर अपराध कृमाक 226धारा 137[2] तथा वर्तमान गिरफ्तारी के बाद धारा 143(2) [3] [4] 64[1]न्याय सहिता सहिता के तहत अपराध पंजीबध करते हुऐ जेल भेज दिया गया है

**एसपी ने रखी थी नजर**- उल्लेखनीय है की पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता तथा एस डी ओ पी ललित गठरे के द्वारा तीन थानो बरघाट अरी तथा कोतवाली पुलिस टीम सिवनी का गठन किया गया था तथा तीनो थाना की टीम लगातार चार माह से अपहृत बालक के केश मे उलझी हुई थी तथा लगातार पुलिस द्वारा जिले के साथ साथ अन्य जिलो मे भी अपहृत बालक की तलाश की जा रही थी जो सिवनी नगर मे सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा दबिश देते हुए अपहृत बच्चे को बरामद करने मे पुलिस ने बडी सफलता हासिल की है यहा यह भी उल्लेखनीय है। बच्चे का अपहरण करने वाली महिला का इस परिवार से तथा शादी समारोह मे शामिल लोगो तथा रिश्तेदारी से दूर दूर तक कोई रिश्ता नही है किन्तु बच्चे के अपहरण को अंजाम देने के लिये यह महिला शादी समारोह मे शामिल हो चुकी थी।

### चुराने वाली महिला की नहीं थी कोई संतान

यहा यह बताना भी लाजिमी है लगातार पुलिस की तलाश तथा बच्चे की खरीददार महिला शीला साहू की कोई संतान नही है लोगो के द्वारा छोटे बच्चे को देखा गया जो की खरीददार महिला माह मे एक या दो बार ही घर से बाहर निकाला करती थी जिसकी सूचना भी बरघाट पुलिस को प्राप्त हुई तथा पुलिस द्वारा महिला के घर जाकर बच्चे की तफशीश करने पर सारा खुलासा सामने आ गया यहा यह भी बताना लाजिमी है इन चार माह अपहृत बच्चे को पूर्ण प्यार मा बाप की तरह मिलने से अपहृत बच्चा अपनी मा को तक पहचानने मे असमर्थ था किन्तु जैसे ही पुलिस द्वारा बच्चे को मा की गोद मे सौपा गया मा की खुशी का ठिकाना नही था।